# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर(म.प्र.)

(पूर्व नाम जबलपुर विश्वविद्यालय, जबलपुर)

क्रमांक / अका. / 2026 / 215

जबलपुर, दिनांक 28/01/2026

## अधिसूचना

सर्व संबंधितों के सूचनार्थ एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि शासन के आदेश के परिपालन में विद्या परिषद् की समिति की बैठक दिनांक 13/11/2025 में लिए गये निर्णयानुसार तथा कार्यालय आयुक्त,उच्च शिक्षा,म0प्र0 शासन, भोपाल के पत्र क्रमांक/64/244/आउशि./सम्बद्वता/2025 दिनांक 21/01/2026 के अनुपालन में विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार अंतर्गत जिले यथा जबलपुर,कटनी,नरसिंहपुर,मण्डला एवं डिण्डौरी में संचालित नर्सिंग महाविद्यालयों को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर से सत्र 2025–2026 में संबंधित पाठ्यक्रमों की प्रथम वर्ष की सम्बद्वता/निरंतरता प्राप्त करने हेतु MP Online पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने के लिए लिंक प्रारम्भ की जा रही है तथा जिसकी अंतिम तिथि 30 जनवरी, 2026 निर्धारित है।

2/ नर्सिंग पाठ्यक्रमों को संचालित करने वाले महाविद्यालय को पोर्टल पर आवेदन शुल्क जमा कर पंजीयन करना होगा तत्पश्चात् प्रत्येक महाविद्यालय को Login Id जारी किया जाएगा।

3/ Login Id जारी होने के उपरांत महाविद्यालयों को पाठ्यक्रमवार प्रथम वर्ष की अस्थाई सम्बद्वता/निरंतरता शुल्क जमा करने तथा दस्तावेज अपलोड करने पर सम्बद्वता संबंधी कार्यवाही की जावेगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव<br>
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,<br>
जबलपुर

पृ0 क्रमांक/अका./2026/215"23"

जबलपुर, दिनांक 28/01/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ –

1. प्राचार्य/संचालक,संबंधित शासकीय/अशासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों, जबलपुर,कटनी,नरसिंहपुर,मण्डला एवं डिण्डौरी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. आयुक्त,उच्च शिक्षा,म0प्र0 शासन सतपुड़ा भवन,भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. रजिस्ट्रार,मध्य प्रदेश नर्सेस पंजीयन परिषद् गोमंतिका परिसर,III फ्लोर, जवाहर चौक, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा विभाग,जबलपुर संभाग,जबलपुर।
5. कुलगुरू जी/कुलसचिव जी के निज सहायक,रा0दु0वि0वि0,जबलपुर।
6. नोडल अधिकारी,एम.पी.ऑन लाईन,रा0दु0वि0वि0,जबलपुर।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर, रा0दु0वि0वि0,जबलपुर।
8. स्थानीय समाचार सम्पादकों की ओर भेजते हुए निवेदन है कि अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव(अका0)<br>
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,<br>
जबलपुर